Title: Need to set up a central hospital in Bhagalpur, Bihar- Laid.

*m01

श्री सुबोध राय (भागलपुर): अध्यक्ष महोदय, पूर्वी बिहार में भागलपुर अत्यंत ही महत्वपूर्ण स्थान है। क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा सुविधा एवं साधनों के अभाव के कारण किसानों, बुनकरों, व्यापारियों एवं आम जनता को ह्रदय, गुर्दा, नेत्र एवं अन्य असाध्य रोगों की चिकित्सा हेतु काफी खर्च करके चेन्नई, दिल्ली, अमृतसर, कलकत्ता जाने के लिए बाध्य होना पड़ता है।

अतएव भारत सरकार से मांग है कि पूर्वांचल की आबादी को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु भागलपुर में केन्द्रीय स्तर के चिकित्सालय की स्थापना की जाये।